डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, 10 – 2083 | भोपाल, दिन मंगलवार, दिनांक 26 मई ,2026

न्यूज गैलरी

हिट एंड रन मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

भोपाल। भोपाल में गत्ते की हालत में हिट एंड रन करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों ने पहले एक आरक्षक को कार से टक्कर मारने की कोशिश की, फिर करीब 10 किलोमीटर तक कई लोगों, ठेलों और वाहनों को टक्कर मारते हुए भागते रहे। पुलिस लगातार पीछा करती रही और आखिरकार आरोपियों को पकड़ लिया। मामले में एक अन्य आरोपी के फरार होने की जानकारी भी सामने आई है।

ओंकारेश्वर में वीआईपी दर्शन विवाद, कर्मचारियों पर कार्रवाई

भोपाल। श्रद्धा के ओंकारेश्वर में हरियाणा से आए श्रद्धालुओं के साथ मंदिर ट्रस्ट कर्मचारियों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट ने चार कर्मचारियों और एक सुपरवाइजर को सेवा से निलंबित कर दिया। आरोप है कि कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की और महिलाओं से भी धक्का–मुक्की की। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर तहसीलदार न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई। मामले की जांच जारी है।

जिलाबदर यासीन मलिक भोपाल पहुंचते ही गिरफ्तार

भोपाल। कुख्यात दंगाई मुख्तार मलिक के बेटे यासीन मलिक को जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर कोहेफिजा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यासीन पर दो आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसे छह माह के लिए जिला बदर किया गया था। कार्रवाई के तीन महीने बाद ही वह अपनी मां से मिलने भोपाल पहुंच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे कोहेफिजा क्षेत्र से पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास कोई हथियार नहीं मिला। सोमवार को उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

गांव–गांव जाकर भाजपा बताएगी सरकार की उपलब्धियां

भोपाल। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूरे होने पर मध्यप्रदेश भाजपा 6 जून से 21 जून तक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगी। इस दौरान पार्टी नेता और जनप्रतिनिधि गांव–गांव जाकर सरकार की उपलब्धियां बताएंगे। 5 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान भी चलाया जाएगा। अभियान में प्रवासी, प्रकृतिक खेती, योग और अन्य योजनाओं पर चर्चा होगी। भाजपा ने निर्देश दिए हैं कि सांसद और विधायक यात्राओं के बड़े कार्यक्रमों से बचें तथा कर पुलिंग या सार्वजनिक परिवहन के जरिए जनता के बीच पहुंचें।

हाईराइज बिल्डिंग में फायर सिस्टम बंद, ईवी चार्जिंग बनी खतरा

भोपाल। भोपाल की रचना टॉवर घटना में सुरक्षा व्यवस्थाओं में गंभीर लापरवाही सामने आई है। हाईराइज बिल्डिंग का फायर सिस्टम बंद था और होज पाइप तक नोजल नहीं था। जांच में पता चला कि लोग एक्सटेंशन वायर के जरिए ईवी चार्जिंग कर रहे थे। पुलिस के अनुसार घरेलू वायरिंग और अस्थायी इंतजामों से ईवी चार्जिंग करना बेहद खतरनाक है। विशेषज्ञों ने डेडिकेटेड चार्जिंग सिस्टम, उचित अर्थिंग और फायर सेफ्टी व्यवस्था को अनिवार्य बताया है।

मप्र का भी | सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि जांच में सहयोग नहीं कर रही

जांच, मप्र सरकार का ,सीबीआई का फैसला सही, निष्पक्ष जांच हो

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा एक मृत बेटी होने से कहीं बेहतर है कि बेटी साथ सुरक्षित रहे

शीर्ष अदालत ने कहा कि एक युवा बेटी की स्क्रीन पर परिवार की जिस असीम पीड़ा और दुख से गुजरना पड़ता है, उसके प्रति अदालत की पूरी सहानुभूति है

कोर्ट ने ये भी सवाल उठाया कि गिरिबाला सिंह को तुरंत जमानत कैसे मिल गई?

मीडिया ट्रायल पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, दोनों परिवारों से मीडिया को बयान

डीआर संवाददाता।। भोपाल

दिवंगत शर्मा सॉलिस्ट गीत मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं संज्ञान लेते हुए सोमवार को सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने कई सवाल उठाए हैं और सीबीआई को मामले की जांच अपने हाथ में लेने का आदेश दिया। कोर्ट ने आरोपी और पीड़ित परिवार से मीडिया में या सार्वजनिक मंचों पर बयान जारी है। अदालत ने सुनवाई के दौरान सामने आया कि गिरिबाला अपने रसूख का इस्तेमाल कर जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। कोर्ट ने ये भी सवाल उठाया कि एक्ट तुरंत जमानत कैसे मिल गई।

सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि सीबीआई मामले की जांच अपने हाथ में लेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को रिकॉर्ड पर ले लिया। सीबीआई सूर्यकांत ने उम्मीद जताई कि सीबीआई तुरंत और निष्पक्ष जांच करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले को सीबीआई को सौंपे जाने के फैसले की सराहना की

मेहता ने कहा- गिरिबाला सिंह अब तक पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुई

अदालत में सुनवाई के दौरान ये बात भी सामने आई कि आरोपी बेटी की गिरिबाला सिंह को एक रिकॉर्ड जारी होने की तारीख से लगातार ये कहते रहा कि उसे अभी तक पुलिस द्वारा की जा रही जांच निष्पक्ष नहीं हो रही है।

भोपाल पहुंची सीबीआई की टीम वर्जे की एफआईआर, केस

सीबीआई की दिल्ली मुख्यालय की विशेष टीम देर शाम भोपाल पहुंची और कायदा हिल्स थाने में दर्ज मूल मामले को अपनी एफआईआर के रूप में दोबारा दर्ज किया। सीबीआई ने भोपाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर केस डायरी सहित जांच से जुड़े सभी दस्तावेज और सबूत अपने कब्जे में ले लिए हैं। भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने इसकी पुष्टि की है। सीबीआई ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गुरुतर धाराओं और नवीन डिजिटल एविडेंस के तहत मुकदमा भी साथ लिया। सिंह और वरि नामक सिंह के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में 2024 की घटना

महिला से मारपीट, दुष्कर्म की कोशिश, 7 साल जेल

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल कोर्ट ने शादीशुदा महिला के साथ मारपीट और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश करने के आरोपी आकाश मनाल को 7 साल की सजा सुनाई है। फैसला विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) सुरेश मिश्रा ने सुनाया है। शासन की ओर से इस मामले में अपर लोक अभियोजक प्रीति श्रीवास्तव ने पैरवी की है।

घटना 10 मई 2024 की रात गोविंदपुरा थाना क्षेत्र की है। पीड़िता ने कोर्ट में बताया कि रात करीब 1 बजे वो घर पर अकेली थी। बहार कोई बात कर रहा था। इसी दौरान आरोपी आकाश देर रात उसके घर पहुंचा और दरवाजा खुलवाने की कोशिश करने लगा। पीड़िता ने दरवाजा खोलने से इनकार किया तो आरोपी सीधा पूजाघर घर में घुस आया। उसके हाथ में लोहे की रॉड थी। आरोपी ने उससे संबंध बनाने के लिए कहा। मना करने पर आरोपी ने महिला की आंख पर मुक्का मारा, उसके साथ मारपीट की और अन्य हरकतें कीं। अगले दिन पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। कोर्ट ने

घसीटा, रॉड से मारा भी

पीड़िता ने कोर्ट में बताया कि आरोपी उसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाना चाहता था। मना करने पर आरोपी ने उसे जमीन पर घसीटा। इसके तथा, पीर, पीठ, पीठ और जांघ पर चोटें आईं। आरोपी ने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता किसी तरह घर से बाहर निकली और शोर के लिए चिल्लाई। इसके बाद आरोपी फरार हो गया।

भोजशाला में राज्य सरकार बनाएगी भव्य सरस्वती लोक

सीएम ने कहा कि प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से प्रदेश में जल संवर्धन की नई क्रांति

सीएम ने कहा– राजा भोज सोच संस्थान की स्थापना भी की जाएगी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि धार स्थित भोजशाला परिसर में राज्य सरकार भव्य सरस्वती लोक बनाएगी। वहां राजा भोज सोच संस्थान की स्थापना भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक भोजशाला पर उच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया है, राज्य सरकार इस न्यायिक आदेश का अक्षरशः पालन करेगी।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि भोजशाला के लिए हुए आंदोलन में शहादत देने वाले तीन शहीदों के परिजनों को 5–5 लाख रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को गंगा दशहरा पर धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला पहुंचे थे। वे वहां करीब 4 घंटे तक रहे। विधि मिशन से जा वार्डों की एक कार्यक्रम करने के बाद आरती में भी शामिल हुए। भोजशाला में आजादी के बाद पहली बार कोई मुख्यमंत्री पहुंचा था।

भोजशाला के लिए हुए आंदोलन में शहादत देने वाले तीन शहीदों के परिजनों को दिए जाएंगे 5–5 लाख रुपए

भोजशाला में आजादी के बाद पहली बार कोई मुख्यमंत्री पहुंचा था

गंगा दशहरा पर हुए जल संरक्षण कार्यक्रम में सीएम ने किया 88 करोड़ के 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन

राजा भोज ने साढ़े बारह तालाबों का निर्माण कराया था

84 जलीय कायाकल्प एवं तालाबों का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार

तीनों शहीदों के सम्मान में सीएम श्रद्धांजलि

सीएनजी–एलपीजी पंप पर कम ईंधन मिला तो होगी कार्रवाई

डीआर संवाददाता।। भोपाल

अब पेट्रोल–डीजल के साथ सीएनजी, एलपीजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसर की भी नियमित जांच और मापदण्ड अनिवार्य होगा। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग ने पहली बार पैक्ड अथवा डिस्पेंसर को भी उपभोक्ता दायरे में ला दिया है। अब सरकार से मान्यता प्राप्त निजी लैब भी फ्यूल गड़बड़ी की जांच कर सकेंगी। नई व्यवस्था में हर डिस्पेंसर पर सत्यापन की मुहर और पैमाना तारीख दिखाना जरूरी होगा। तय समय पर जांच नहीं कराने वाले पंप पर–जुर्माना भरने जाएंगे व लाइसेंस निलंबन तक की कार्रवाई होगी।

मप्र में 6 हजार पंप, 400 सीएनजी–एलपीजी स्टेशन

मध्यप्रदेश में वर्तमान में करीब 6 हजार पेट्रोल–डीजल पंप और 400 सीएनजी–एलपीजी स्टेशन संचालित हैं। तेलीय नाप–तौल विभाग में सीमित नाप–तौल विभाग में सीमित लाइसेंस रद्द तक की कार्रवाई होगी।

निजी लैब भी कर सकेंगी डिस्पेंसर का सत्यापन

शिकायतों की जांच के लिए सरकार ने सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल अपनाया है। अब अधिकृत निजी लैब भी डिस्पेंसर का सत्यापन कर सकेंगी।

अगले के कारण नियमित जांच और शिकायतों पर कार्रवाई प्रभावित होती रही है।

महिला आयोग ने सुनीं 40 शिकायतें, त्विशा जैसा पेचीदा मामला भी आया

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग ने करीब छह साल के लंबे इंतजार के बाद सोमवार से दोबारा जनसुनवाई का दौर शुरू हो गया। आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष रेखा यादव और सदस्य सामन्ना न्यायाधीश की संयुक्त बेंच ने पहले ही दिन घरेलू हिंसा और पारिवारिक विवादों से जुड़े 40 गंभीर मामलों की त्वरित सुनवाई की।

पहले दिन रुक्मिणी शर्मा बनाम कोल जैसी उलझन वाला एक पेचीदा मामला आया। इसमें

एक मां ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले उसे बेटी से मिलने नहीं दे रहे हैं। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आयोग ने तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए। पहले दिन मारपीट और घरेलू हिंसा के कई मामलों पर सुनवाई हुई। यह सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहेगा। इनमें 42 नए मामले सूचीबद्ध हैं।

गंगा दशहरा पर शाहपुरा तालाब की सफाई में उतरे प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप

डीआर संवाददाता।। भोपाल

गंगा दशहरा के अवसर पर भोपाल में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत शाहपुरा तालाब पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने नवनीत मालवीय चंद्र, किशनलाल भगवानदास सवनानी और अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ श्रमदान कर तालाब की सफाई की। इस दौरान शाहपुरा झील से कचरा और सिंही निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्वच्छता प्रेमी शामिल हुए।

प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि स्वच्छता और जल स्रोतों के संरक्षण में जनभागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से जलगंगा संवर्धन अभियान से जुड़ने की अपील की।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नगर निगम शहर के सभी तालाबों सहित कुओं और बावड़ियों के संरक्षण पर कार्य कर रहा है। अभियान के दौरान एको परिसर में आम, पीपल, करंज और बरगद के पौधे लगाकर वृक्षारोपण भी किया गया।

नौतपा | नौतपा की शुरुआत 9 जिले 45 से 46 डिग्री पर तपे

खजुराहो में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड... प्रदेश में इस साल पहली बार पारा 47.2 डिग्री

देर शाम करीब २३ जिलों में बौछारों से भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली

डीआर संवाददाता।। भोपाल

सोमवार से नौतपे की शुरुआत हो गई। पहले ही दिन प्रदेश में खजुराहो सबसे गर्म रहा। यहां पारा 47.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस साल का प्रदेश में सबसे अधिक पारा है। इससे पहले 19 मई को नौगांव में पारा 47 डिग्री रहा है।

धूप और भीषण गर्मी के बीच 9 जिलों में तापमान 45 से 46 डिग्री तक रहा, जबकि दो जिले 46 से 47 डिग्री तक पहुंच गए हैं। नौगांव में 46.8 डिग्री रहने से तीव्र लू का असर रहा। इधर, कुछ हिस्सों में दोपहर बाद मौसम ने बदलाव की शुरुआत भी दर्ज। देर शाम तक करीब 23 जिलों में बादल, बौछारें आंधी और गरज सहित से भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को भी अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी और लू का असर रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके सुल्ता के अनुसार कुछ गर्मी आने से गर्मी के बीच मौसम में बदलाव भी होगा। इससे कुछ जिलों में दो दिन बाद तापमान में गिरावट होगी।

यहां 45 से 46 डिग्री की गर्मी

दतिया, रायगढ़, दमोह, मंडला, सीधी, सतना, टीकमगढ़, महाराजपुर में पारा 45 से 46 डिग्री के बीच पहुंचने से कुछ जिलों में लू और भीषण गर्मी रही। भोपाल में पारा पहुंचकर 7 डिग्री बढ़कर 43.4 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 2.2 डिग्री अधिक रहा।

यहां बदला मौसम का मिजाज

भोपाल में भी तेज हवाओं से साथ बादलों का आना जाना रहा। छिंदवाड़ा, छिंदवाड़ा, बालाघाट में आंधी के साथ बारिश और शुभ जगह ओले गिरे। पांढुर्ना, बैतूल, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, सीधी, शहडोल, नरसिंहपुर, जबलपुर में हल्की आंधी और बौछारें पड़ी। देवास, रायसेन, सतना, पन्ना, सागर, दमोह में भी मौसम बदला। साथ ही मंदसौर, शाजापुर, उज्जैन और नियोजनी में भी आंधी बौछारों का सिर रहा।

आज यहां लू का रेड अलर्ट

मौसम केंद्र ने मंगलवार के टीकमगढ़, सतना, पन्ना, छतरपुर, निवाड़ी में तीव्र लू का रेड अलर्ट है। गुना, शिवपुरी, आगर, बिना, सिवनीमाल, सीधी, रीवा, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर और सिंह में तेज गर्मी और लू का यलो अलर्ट जारी किया

---

5 महीने से वेतन नहीं, नीलम पार्क में आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मियों का प्रदर्शन

डीआर संवाददाता।। भोपाल

राजधानी के नीलम पार्क में रविवार को स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों ने वेतन और स्थायी नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। स्वीपर बंद करीब 6000 वेतन लागू करोड़ और स्थायी नौकरी दोनों जैसे मांगों के बीच कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। कर्मचारियों का कहना था कि अस्पतालों में सफाई, लैब, डेटा एंट्री, वार्ड प्रबंधन और तकनीकी सेवाओं जैसी जिम्मेदारियां आउटसोर्स कर्मचारी संभालते हैं, लेकिन उन्हें न समय पर वेतन मिल रहा है और न नौकरी की सुरक्षा। संघ ने आरोप लगाया

कि कई कर्मचारियों को 5–6 महीने से वेतन नहीं मिला है। इससे परिवारों की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है।

वहीं, संविदा एएनएम कार्यकर्ताओं ने नियमित नियुक्ति की मांग को लेकर स्वास्थ्य संचालनालय का घेराव किया। उनका कहना है कि कोर्ट से फैसला पक्ष में आने के बावजूद जॉइनिंग नहीं दी गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

किया चाकू से हमला

भोपाल। ऐशबाग इलाके में रविवार की शाम दो बदमाशों ने गली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता किसी तरह घर से बाहर निकली और शोर के लिए चिल्लाई। इसके बाद आरोपी फरार हो गया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, 10 – 2083 सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 26 मई 2026

न्यूज गैलरी

ई-उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्म कालीन मूंग पंजीयन शुरू

सीहोर। ई-उपार्जन पोर्टल पर 25 मई से ग्रीष्मकालीन मूंग का पंजीयन शुरू हो गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जून 2026 है। जिन किसानों ने मूंग की बुवाई की है, वे शासकीय अवकाश के दिन छोड़कर मोबाइल या कंप्यूटर से लिंक पर पंजीयन कर सकते हैं। किसान ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, सहकारी समितियों के सुविधा केंद्रों पर भी पंजीयन करा सकते हैं। एनपी अभिलेखन के जरिए भी पंजीयन की सुविधा रहेगी।

खजूरिया कला में नदी किनारे सफाई अभियान

सीहोर। गंगा दशहरा पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सीहोर जनपद के ग्राम खजूरिया कला में क्लीन स्वीप जल संरक्षण कार्यक्रम हुआ। जनप्रतिनिधियों ने जल रक्षोदी के संरक्षण का संकल्प लिया। प्रकृति बचाने की बात कही। नदी किनारे साफ-सफाई की गई। स्वच्छता का संदेश दिया गया।

कौशल विकास प्रशिक्षण 12 जून तक आवेदन

सीहोर। मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने वर्ष 2026-27 के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 12 जून तक बोर्ड की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण 30 नियुक्तों में उपलब्ध रहेगा। योजना के तहत हर जिले में सामान्य वर्ग से 30 प्रशिक्षणार्थियों का चयन होगा।

कॉलेज रू मार्गदर्शन देने स्कूलों में लगेंगे शिविर

सीहोर। कॉलेज चलो अभियान के तहत पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस द्वारा सुबह 10 बजे से मंडी स्थित शासकीय खंडोपंत स्कूल में प्रवेश जागरूकता शिविर लगाएगा। प्राचार्य नीलेशचंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉलेज की शिक्षा की जानकारी देना है। प्रवेश प्रक्रिया समझाना है। अलग-अलग पाठ्यक्रमों की जानकारी देना है।

ईद से पहले गौ सुरक्षा को लेकर ज्ञापन

बुधनी। बुधनी में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बकरा ईद से पहले गौ माता की सुरक्षा और गौ तस्करी रोकने की मांग को लेकर राजधानी के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन ने बढ़ती गौ तस्करी और गौ हत्या की घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की गौ हत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जल-अग्नि | रात में बिजली कटौती ने ग्रामीणों की नींद में भी खलल डाला है

नौतपा में भीषण गर्मी इम्तिहान ले रही है, ऊपर से बिजली कटौती ने जीना मुहाल कर दिया है

डीआर संवाददाता>>इछावर

नौतपा में भीषण गर्मी इम्तिहान ले रही है, ऊपर से बिजली कटौती ने जीना मुहाल कर दिया है। सोमवार को नौतपा के पहले दिन पारा 45 डिग्री तक पहुंच गया। रात का पारा 30.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। ऐसे में बिजली और पानी के संकट ने परेशानी और बढ़ा दी। 100 से अधिक गांवों में जल संकट के हालात हैं।

दिन में गर्म हवाओं के थपेड़ों से जूझे ग्रामीण रात में भी चैन की नींद नहीं ले पा रहे हैं। जनता का सब्र टूट रहा है। आक्रोश मंगलवार जुलूस, तालाबंदी, धरनों के जरिए सड़कों पर फूट रहा है। इधर को कई गांवों के लोगों ने करंटी सेवा के मेसुल से सोमवार कटौती के विरोध में प्रदर्शन सौंपा। साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि कटौती बंद नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

मानसून देहलर रहने की उम्मीद है रू मौसम वैज्ञानिक डॉ. एनएस तोमर ने कहा, उत्तर-पश्चिम की गर्म हवाएं तपन और बढ़ाएंगी। मानसून अच्छा रहने की उम्मीद है।

कलेक्ट्रेट में ग्रामीणों ने की नारेबाजी।

अघोषित बिजली कटौती को बंद करने की मांग को लेकर सोमवार को बरगी सेना युवा शक्ति प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह चन्दाना के नेतृत्व में अलखदासवाड़ी, महाबीरपुर, नयापुरा, बबोरी, धानगोठा, खानखेड़ा, पचामा, पूना सहित एक दर्जन गांवों के किसानों ने कलेक्ट्रेट में ओपेन हल्ला बोल प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि रोज रात में दो से तीन बार बिजली कटौती की जा रही है जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। पीने के पानी की आपूर्ति पानी की मोटर नहीं चलने के कारण ठप हो गई है। वहां कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रवेशकुमार कुलदीप सरनूका ने सीहोर के ग्रामीण क्षेत्रों में चार्ज के समय अनावश्यक लोडशेडिंग की जा रही है। करीब 72 घंटे के अंदर कटौती बंद नहीं की तो उग्र

प्रदर्शन में इनुस खां से विष्णु सारंगा दौसेन गेवाला, करण सिंह चौहान नरेंद्र सिंह, रवि राजपूत, अकरा मेवाड़ा बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

बिजली के लिए कलेक्ट्रेट में किसानों ने बोला हल्ला, 72 घंटे में कटौती बंद नहीं हुई तो चक्काजाम

पिछले 15 जनवरी तक हो चुके यह आंदोलन

बीजेपी ने शुरुआतरू सबसे पहले दोराहा सम्पर्क कार्यालय सहकार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उग्र रूख अपनाते हुए प्रशासन को चेतावनी नया ज्ञापन सौंपा। नारेरी में मशाल और भजनलाल नारेरी गांव में ग्रामीणों ने रात के अंधेरे में मशाल जुलूस निकालकर रोष हुए प्रशासन को जगाने की कोशिश की। अगले दिन मंगल गावर विरोध जताया।

दूसरा में उच्च लालबंगेरी अर्कोरिया के गुलाना गांव में रविवार रात जनता का गुस्सा फूट पड़ा। उग्र ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए कार्यालय पर ताला जड़ दिया।

दो किस्तों में काटी जा रही बिजली, इसलिए परेशानी

पहले बार रात 12.15 से 1.30 बजेतक जब लोग सोने की कोशिश करते हैं, बत्ती गुल कर दी जाती है। सवा घंटे लोग उमस और मच्छरों के बीच घरों के बाहर अंधार बैठ जाते हैं।दूसरी कटौती तड़के 3.15 से 4.30 बजे जैसे ही थोड़ी आंख पर दोबारा लोगों की आंख लगती है, ठीक दो घंटे बाद फिर से अंधेरा और उनका इंतजार हो जाती है।

लोगों में गुस्सा, कहा- पूर्व सीएम के क्षेत्र में यह हाल

आधी रात में फर्श पर तड़पती रही गर्भवती, नहीं मिला बेड

डीआर संवाददाता>>भैरूंदा

सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के दावों और हकीकत का फर्क भैरूंदा जिलिय अस्पताल में सामने आया। प्रसव पीड़ा से तड़प रही गर्भवती महिला को बेड नहीं मिला। महिला अस्पताल के फर्श पर लेटने को मजबूर हुई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस घटना के बाद स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों में आक्रोश है।

घटना रविवार रात की है। शहरवासिया निवासी नीरज अपनी गर्भवती पत्नी टीना को इलाज के लिए जिलिय अस्पताल लेकर पहुंचा था। उन्हें उम्मीद थी कि क्षेत्र के प्रमुख सरकारी अस्पताल में बेहतर सुविधा मिलेगी। उनका आरोप है कि महिला को तुरंत बेड नहीं दिया गया। दर्द से तड़पती प्रसूता फर्श पर लेट गई। वायरल वीडियो में अस्पताल परिसर और ड्यूटी रूम में जिम्मेदार स्टाफ की गैरजिम्मेदारी भी दिख रही है। घंटों देर बाद गर्भवती को सीहोर रेफर कर दिया।

इधर, नगर वासियों वैगर ताले लोगों ने एसडीएम और

सीएमएचओ को 5 सूत्रीय मांग पत्र दिया। आंदोलन में अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए। कहा गया कि अस्पताल में डॉक्टर नर्स जिम्मेदार स्टाफ समय पर मौजूद नहीं रहता। रात के समय अस्पताल भगवान भरोसे झोड़ दिया जाता है। पूर्व मुख्यमंत्री के क्षेत्र के मुख्य अस्पताल की ऐसी हालत पड़ी। अब अस्पताल प्रशासन की लापरवाही और स्टाफ की अनिवार्यता से पूरी व्यवस्था सवालों के घेरे में है। मांग पत्र में लिखा है कि इस अस्पताल को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चौहान की पहल पर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया था। मशीनें, दवाइयां, जच्चा-बच्चा वार्ड उपलब्ध कराए गए थे। मांग पत्र में कहा गया कि ग्रामीणों को इलाज के लिए मोहाल या अन्य शहरों की ओर न जानास्वास्थ्य विभाग ने कहा, कराएंगे जांच, दोषियों पर होगी कार्रवाई

दहेज के लालच में फिर गई एक बेटी की जान, विवाह के 48 दिन बाद संदिग्ध मौत

डीआर संवाददाता>>भैरूंदा

तहसील के ग्राम अरसानिया में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना से पूरा क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम अरसानिया निवासी दीपिक, पिता हरकाश प्रसाद पांचाल, का विवाह 7 अप्रैल को टिमरनी

निवासी दुर्गेश, पिता गंगाचरण बामले, के साथ सामाजिक रीति-रिवाज और पारिवारिक सहमति से सम्पन्न से हुआ था। विवाह को अभी मात्र 48 दिन ही हुए थे। दीपिका की मौत की खबर से दोनों परिवारों सहित पूरे क्षेत्र को झटका दिया।

मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही दीपिका को दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों का कहना है कि सास, ससुर, पति और ननद ने मिलकर दीपिका का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मायके पक्ष में शोक और आक्रोश का माहौल है।

वहीं ससुराल पक्ष का कहना है कि दीपिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। घटना के बाद परिवार उसे तत्काल टिमरनी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले को लेकर तौहाई पुलिस चौकी ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और लोगों के आधार पर ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार सूचना का अंतिम संस्कार ग्राम पंचाल खरसानिया से नीलकंठ घाट पर किया गया जिसतरह पूरे मामले की जांच जारी है। अब सभी की निगाहें पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं। इससे स्पष्ट हो सकेगा कि मामला आत्महत्या का है या दहेज हत्या का।

भाजपा प्रशिक्षण के दूसरे दिन पहुंचे प्रवेश प्रभारी महेंद्र सिंह

डीआर संवाददाता>>सीहोर।

सीहोर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाशिविर-2026 के दूसरे दिन विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वीर एवं प्रणवान के साथ हुई, जिसके बाद कक्षा गंगा की

प्रधान प्रताप शुक्ला और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा की कार्यपद्धति, वैचारिक आधार, सोशल मीडिया, एआई और व्यवहारिक बोध जैसे विषयों पर जिलेभर से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

सत्रारंभ सत्र में मध्यप्रदेश प्रवेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। महेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं से संगठन के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सीहोर की सेव-नमकीन फैक्ट्री में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर के सलीम ग्राम शक्तिपुर कोठिया स्थित एक सेव-नमकीन फैक्ट्री में सोमवार शाम अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी फैक्ट्री जले अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में फैक्ट्री के भीतर रखी लाखों रुपए की कीमती मशीनरी, कच्चा माल और तैयार माल जलकर खाक हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।



आग लगने के शुरुआती कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फैक्ट्री से अचानक धुएं का गुबार उठने लगा, जिसके बाद लपटें एकदम से आसमान तक उठीं। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। इस दौरान गांव के बुजुर्गों ने भी साहस दिखाते हुए दमकलकर्मियों का पूरा सहयोग किया। ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डालकर आसपास के खेतों और मकानों तक आग फैलने से रोकने में अहम भूमिका निभाई। दमकल टीम और स्थानीय लोगों की लंबी मेहनत के बाद आग पर काबूपिलाल बाबू मरा जा सका। प्रशासन अब नुकसान का आकलन कर आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है।

पिपलिया मीरा में आधी रात आग का तांडव, मैदा मिल धधकी, किसान के वाहन-कृषि यंत्र राख

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले के ग्राम पिपलिया मीरा में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात भीषण आगजनी की घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। गांव स्थित पुरानी मैदा मिल में अचानक आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की तेज लपटों और धुएं के गुबार से ग्रामीणों में दहशत फैल गई।घटना में किसान प्रेम सिंह मेवाड़ा के कृषि उपकरण, कोल्हू ट्रैक्टर वाहन और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान ने करीब 10 लाख रुपए के

नुकसान का दावा किया है। जानकारी के मुताबिक जिस पुरानी मैदा मिल में आग लगी, वहां वर्तमान में पनीर फैक्ट्री का गोदाम संचालित हो रहा था। मिल परिसर के पास ही किसान प्रेम सिंह मेवाड़ा का मकान और कृषि सामग्री रखी हुई थी। आग इतनी तेजी से फैली कि मौके पर खड़ा अंटो कुछ ही मिनटों में जलकर लोहे का ढांचा बन गया। वहीं ट्रैक्टर के उपकरण, कल्टीवेटर, मशीनरी और अन्य कृषि यंत्र धू-धू कर जलते रहे।

आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर करीब 5 घंटे तक मशक्कत की, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाती तो आसपास के मकान और खेत भी इसकी चपेट में आ सकते थे।वहीं किसान प्रेम सिंह मेवाड़ा ने बताया कि रात करीब 1:00:00 बजे आसमान आग दिखाई दी। जब तक परिवार कुछ समझ पाता, तब तक आग ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच में जुटे हैं। हालांकि अभी घटनास्थल से शॉर्ट सर्किट की जानकारी नहीं मिली है।

शिव महापुराण | रामनगर कालोनी ग्राम दोराहा में चल रही श्री शिव महापुराण कथा

बड़े-बड़े मठाधीश गौरक्षा की बात करते हैं मगर आश्रमों में गाय नहीं रखाते: मोहितरामजी पाठक

डीआर संवाददाता> दोराहा

बड़े-बड़े संत महात्मा मठाधीश आज देखने को मिलता है गाय की रक्षा की बात करते हैं बड़े-बड़े मंदिरों में गाय नहीं है गौशाला नहीं चलाती गौ से भगवान का दीपक लग रहा है। सनातन धर्म वैदिक धर्म हमारी संस्कृति संस्कार वेद पुराण शास्त्र गुरु परंपरा और गौ माता भारत माता की रक्षा के गौपालक गाय के रक्षक जैसे कथावाचक की अति आवश्यकता है ऐसे कथावाचक जो धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा गौ माता

की सेवा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। हम सभी बच्चों को भी इनका साथ देना चाहिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

उक्त उद्गार रामनगर कालोनी ग्राम दोराहा सीहोर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के दौरान कथा वाचक पंडित मोहितरामजी पाठक ने शिव महापुराण की कथा के विधान दिवस शिव महापुराण की महिमा भगवान गणेश

स्कंध बिन वृक्ष पार्थिव शिवलिंग पूजन शिव लोक शिव नाम श्रवण की महिमा एवं गौ माता की महिमा का वर्णन किया शिवमहा पुराण हिंदू धर्म के 18 प्रमुख महापुराणों में से एक है, जो भगवान शिव और माता पार्वती की महिमा, उनके कल्याणकारी स्वरूप, ज्योतिर्लिंगों और भक्त-वत्सलता का वर्णन करता है। इसमें शिव के अवतारों कर्मों, सृष्टि उत्पत्ति, और शरणागत भक्त की महिमा का विस्तार से उल्लेख है, जो मोक्ष और सुख प्राप्ति का साधन माना जाता है।

यज्ञ एवं कथा के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु उक्त फलदे एवं भंडारे में प्रसाद ली कहना करते आयोजन गर्ता अग्रवाल परिवार पवन जी अग्रवाल एवं सम्पूर्ण क्षेत्रवासी बाल्मीकी एवं वर्मा परिवार ने पधारे हुए श्रद्धालुओं का बाहर व्यवस्था किया।

भाजपा ने की पेट्रोल-डीजल और दूध की कीमतें जनहित में घटाने की मांग

डीआर संवाददाता> सीहोर

महंगाई बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। केन्द्र सरकार ने पेट्रोल डीजल की कीमतों में वृद्धि कर बोझ डाल दिया है। सांची दूध की कीमत में वृद्धि होने से जनता अब बेहाल हो चुकी है। राज्य भाजपा विरोध आंदोलन के रहता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन जिला सचिव प्रहलाद दास बैरागी के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर जमील खान को दिया।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला सचिव प्रहलाद दास बैरागी ने कहा कि वह

मूल्य वृद्धि केन्द्र सरकार की असंगत, अतार्किकताओं से उपजा अनुचित विदेश नीति का दुष्परिणाम है। भारत सरकार सोने रूस से समझौते पर तेल का आयात अन्यत्र जारी रखे और ईरान के साथ खुलकर भारत की एकजुटता को अभिव्यक्त की जाए तो इस तेल संकट को समाप्त किया जा सकता है। प्रदेश सरकार द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों पर सर्वाधिक टैक्स लिया जाता है। बागरेज दिनेश गालवीय ने कहा कि पेट्रोल पर 30 और डीजल पर 20 प्रतिशत टैक्स लिया जा रहा है।सांची दूध की कीमतों में प्रति वर्ष वृद्धि की जा रही है। हमारी मांग है कि दूध उत्पादक किसानों को हो रहे घाटे को कम करने के लिए सरकार 10 रुपए प्रति लीटर अनुदान दे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भाजपा सरकार से पेट्रोलियम पदार्थों पर टैक्स कम करने और सांची दूध की कीमतों में भी वृद्धि को वापस लेने की मांग करती है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, 10 – 2083 सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 26 मई 2026

ब्रेकिंग न्यूज

ईद उल अजहा शांति और सद्भाव से मनाने की अपील

आष्टा। आष्टा में ईद उल अजहा को लेकर एसडीएम नितिन कुमार टाले की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। नागरिकों ने साफ–सफाई, नियमित जलापूर्ति और बिजली व्यवस्था बनाए रखने की मांग की। कार्यवाहक अध्यक्ष जाहिद गुड्डू ने तीन दिवसीय त्योहार के दौरान पानी की पर्याप्त व्यवस्था की बात कही। जनप्रतिनिधियों ने सभी को देखते हुए अघोषित बिजली कटौती रोकने की मांग रखी। बैठक में प्रशासन और नगर पालिका अधिकारी मौजूद रहे।

किसानों को मिला जमीन का कब्जा

खात्रोद (खात्रोद)। ने न्यायालय के आदेश के बाद राजस्व विभाग ने किसानों को उनकी भूमि का कब्जा दिलाया। कलक्टर, विजेंद्र और प्रेमसिंह कोटवार के बीच लंबे समय से भूमि विवाद चल रहा था, जिसे लेकर राजस्व न्यायालय में विचाराधीन था। अदालत ने किसानों के पक्ष में फैसला सुनाया। सोमवार को राजस्व अमला मौके पर पहुंचा, सीमांकन कराया और सभी जरूरी कार्यवाई पूरी कर किसानों को जमीन का वास्तविक कब्जा सौंप दिया।

मंदिरों में आरती करने वालों की कमी पर चिंता

इछावर। इछावर के ग्राम फूल मोगरा में आयोजित भागवत कथा में श्रीमद्भागवत मोहितरामजी पाठक ने कहा कि आज मंदिरों में आरती करने वाले लोगों की कमी होती जा रही है। उन्होंने कहा कि गांवों के मंदिरों में केवल पुजारी ही आरती कर रहे हैं। कथा, सत्संग और तीर्थ यात्रा नहीं है, लेकिन धार्मिक सेवाओं में लोगों की भागीदारी कम हुई है। उन्होंने गौशाला सेवा और मंदिरों से जुड़ना बढ़ाने की अपील की।

गंगा दशहरा पर निकली कलश यात्रा

आष्टा। आष्टा में गंगा दशहरा के अवसर पर पार्वती नदी में विशेष पूजन और जल स्पर्शी की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने कलश भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली और पीपल वृक्ष का पूजन किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। धार्मिक आयोजन के माध्यम से जल संरक्षण और आस्था का संदेश दिया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी से आयोजन भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ।

अभियान मां नर्मदा पूजन, कलश यात्रा और जल संरक्षण शपथ के साथ संपन्न

जल है जीवन का आधार, संरक्षण में सबकी भागीदारी जरूरी: कृष्णा गौर

डीआर संवाददाता» सीहोर

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर सीहोर जिले के नर्मदा अवतीर्थ पर जिला स्तरीय जल संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक एवं मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि जल सृष्टि का आधार है और बिना जल के नहीं की जा सकती। जल ही जीवन को संतुलन और समृद्धि प्रदान करता है। यदि अब जल संरक्षण के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को जल संकट जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। मंच तथा नगरों में नदी, तालाब, बावड़ी, कुएं और पोखरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जल आंदोलन बन गया है और इसके सार्थक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण एवं जल का संरक्षण आज की आवश्यकता है। वर्षा जल को अधिक से अधिक रोककर धरती के भीतर पहुंचाने के प्रयास किए जाने चाहिए। साथ ही अधिकाधिक वृक्षारोपण भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक का योगदान महत्वपूर्ण है और सामूहिक सहभागिता से ही इस दिशा में सार्थक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि पुरी पहुंचा से प्रारम्भ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान विकास अ हुए तक संचालित किया जा रहा है। इस अवधि में में सीहोर जिले में अभियान को जन आंदोलन के रूप में संचालित करते हुए आम नागरिकों को व्यापक रूप से जोड़ा गया है तथा जल संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं।

कार्यक्रम के आरंभ में प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने मां नर्मदा की पूजा–अर्चना की तथा कलश यात्रा में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जल जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, ट्रस्ट अध्यक्ष नरेश उपाध्याय, रेलवे नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल, युवमोर्चा अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अमर सिंह चौहान, बाजपाई नेत्र चिकित्सालय बादल, अविनाश दुबे, कलेक्टर बालमुरुगन के., एसपी मोनिका सत्यसेना सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।

साध्वियों की मौत के विरोध में निकली मौन रैली

डीआर संवाददाता»आष्टा

पैरा में दिगंबर जैन आर्यिका संघ के साथ हुई दर्दनाक घटना के विरोध में सोमवार को आष्टा नगर में अभूतपूर्व जनआक्रोश देखने को मिला। जब संत सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो समाज कैसे सुरक्षित रहेगा जैसी तख्तियों के साथ निकली विशाल मौन रैली में जैन समाज के अलावा सभी समाज के हजारों समाजजन शामिल हुए। जैन समाज रहित विभिन्न समाजों के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने शांतिपूर्ण तरीके से शहरभ्रमण कर दिवंगत आर्यिका माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा संत सुरक्षा एवं सेवार्थ आयोग गठन करने की मांग उठाई। सकल श्वेतांबर जैन श्रीसंघ, श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति एवं सकल हिंदू समाज संगठन, हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित मौन रैली पुरानी सब्जी मंडी चौक से प्रारंभ हुई। रैली बड़ा बाजार, प्रगति गली, बुधवारा, गल चौराहा, कोलोनी चौराहा एवं बालीपा रोड मार्ग से होती हुई तहसील कार्यालय पहुंची। रैली में शामिल समाजजन में संत सुरक्षा, स्वच्छ एवं अहिंसा से जुड़े संदेशों वाली तख्तियां लिए हुए थे। पूरे मार्ग में अनुशासन, शांति और शालीनता का वातावरण रहा।

संगठित समाज ही सुरक्षा दे सकता है यही बना रहा। संतों की सुरक्षा देश की सुरक्षा व सत्ता सुरक्षा नीति लागू करो लिखी तख्तियां लेकर मौन रैली में चल रहे श्रावक सुरक्षित नहीं तो समाज कैसे सुरक्षित रहेगा, यह सवाल पूछते हुए जैन समाज सड़क पर उतर गया। तहसील कार्यालय पहुंचकर भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन एसडीएम नितिन कुमार टाले को दिया गया। ज्ञापन का वाचन श्वेतांबर जैन श्रीसंघ अध्यक्ष पारस सुराणा ने किया। ज्ञापन सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेश कुशवाहा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष गोपाल चौधरी, महिला समाजजनों द्वारा सौंपा गया। इसी समाज की महिलाओं सुलता अजेश, श्रद्धा मंगलाल, ज्योति गोयनाल, रागेश्री सेठी, मनसा गंगवाल, अंजु जैन, रंजना जैन आदि ने एसडीएम श्री टाले को ज्ञापन सौंपा।

गौ प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का शंखनाद भोपाल में 31 मई को

गौ माता राज्य माता का सम्मान देने के साथ संरक्षण मिले

डीआर संवाददाता» सीहोर

आगामी 31 मई को राजधानी भोपाल में होने वाले गौ प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का शंखनाद को लेकर मध्यप्रदेश के सभी जिले में गायत्री गौ माता संघ के द्वारा गौ हत्या बंदी के लिए कानून बने, गौ माता को राज्य माता के सम्मान से सुशोभित किया जाए, गौ माता का संरक्षण संवर्धन हो, नदी नाला की रक्षा हो, गौचर भूमि मुक्त हो, रासायनिक कृषि को निषिद्ध कर गौ आधारित कृषि को बढ़ावा दिया जाए संहित अन्य मांगों को लेकर अभियान किया जा रहा है। शहर के कोलीपुरा स्थित श्री गुप्तेश्वर लक्ष्मी मंदिर के संत मलकदास महाराज ने आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने गौ हत्या से लगातार पूरे देश में गौमाता की स्थिति चिंताजनक है। इसी

को देखते हुए यह अभियान शुरू किया, गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा मिलने के बाद गौचर की सुरक्षा और संवर्धन की पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। बड़ी संख्या में गौवंश सड़कों पर भटक रहा है, दुर्घटनाओं में मौत हो रही है। खेत और राज्य सरकार गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा देकर प्रभावी कदम उठाए, इसी उद्देश्य से यह मुहिम शुरू की गई है।

संस्कार मंच ने दिया साथ

इस मौके पर संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित नाना ने बताया कि इस अभियान से देशभर में लाखों लोग जुड़ चुके है और विभिन्न राज्यों से लगातार समर्थन पत्र प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक जागरण का अभियान है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा गौ हत्या पाप है, इसे तत्काल बंद किया जाए। गौ माता को राज्य माता का सम्मान दिया जाए। यदि मांगे पूरी नहीं होतीं तो भोपाल में व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

ब्लॉक कांग्रेस जावर की संगठनात्मक बैठक संपन्न

डीआर संवाददाता»जावर

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणवीर गुजराती की अध्यक्षता में एवं विधानसभा प्रभारी उमेश पटेल के मुख्य अतिथ्य में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणवीर गुजराती ने सम्मेलन को मजबूत करने पर जोर दिया एवं मंडलम सेक्टर अध्यक्ष बूथ लेविल कार्यकर्ता, प्रत्येक ग्राम पंचायत पार्षद कमेटी के सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस साथी एवं कार्यकर्ताओं को स्पष्टीकरण किया और कार्यकर्ता और जनता के बीच संवाद पर जोर दिया एवं एस आई आर प्रक्रिया में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की इसी क्रम में विधानसभा प्रभारी उमेश पटेल ने संगठन को मजबूत करने और प्रत्येक मंडलम को अपने क्षेत्र में

मजबूती से

कार्य करने की सलाह दी बैठक की शुरुआत में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर एवं साथियों ने स्वागत किया। उसके पश्चात अरविंद सिंह ठाकुर ने ब्लॉक की मंडलम सेक्टर एवं अन्य जानकारियां जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी को बताई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सांसद अध्यक्ष राजीव अजमेरा, बेला सिंह ठाकुर गुजराती, विधानसभा प्रभारी उमेश पटेल अरविंद सिंह ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष, विधानसभा प्रत्याशी रहे कमल सिंह कौशल, पार्षद सिंह ठाकुर, राजेंद्र मकोड़ा देवेंद्र सिंह ठाकुर बोरदी, राजाराम रोही, संदीप ठाकुर, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, देवेंद्र सिंह बाकोल, जगदीश चौहान, घनश्याम जागवल, एम आर परमार विवेक रावेर हो पीरम सिंह ठाकुर, गोपाल कुमार अजमेरा, बेला सिंह ठाकुर सोमली बारी मनोहर सिंह, भीरम सिंह ठाकुर, रूप सिंह ठाकुर, विरेंद्र सिंह ठाकुर धीरज सिंह पहलवान रघु संपूरी बहादुर पटिहार राजकुमार मालवीय, हरिनारायण सिंह पटेल, मयंक चौरसिया, देवेंद्र ठाकुर हरपाल ठाकुर, कमल मरेवा, विनोद सिंह ठाकुर, मोर सिंह ठाकुर, आशिक भाई, राजपाल ठाकुर, पप्पू ठाकुर, देवकरण मालवीय, वीरेंद्र ठाकुर, प्रद्युम्न ठाकुर सोनिल ठाकुर रामप्रसाद मालवीय, देवेंद्र ठाकुर, मनसिंह सेठ, सतीश कि भाई, सूरज सिंह ठाकुर, लाखन सिंह, योगेंद्र सिंह, केवल सिंह, आरिफ भाई, शांति सिंह पटेल, भारत सिंह, जगदीश प्रजापति, राजेंद्र सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, महेश जागवल, जोएब, अरशद, जहान हुसैन, पर्वत लाल मालविया, सत्यम ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धर्म कलश यात्रा के साथ शुरू हुई पंडित कमलकिशोर नागर की श्रीमद्भागवत कथा, बोले– मनुष्य जितना आडंबर, दिखावा और अहंकार से दूर रहेगा, उतनी ही शीघ्रता से परमात्मा की प्राप्ति कर सकेगा।

डीआर संवाददाता»आष्टा

मनुष्य जितना आडंबर, दिखावा और अहंकार से दूर रहेगा, उतनी ही शीघ्रता से परमात्मा की प्राप्ति कर सकेगा। आज का मनुष्य बाहरी चमक–दमक में उलझकर भीतर की शांति खोता जा रहा है, जबकि जीवन का वास्तविक आनंद सादगी, विनम्रता और सच्ची भक्ति में निहित है। धर्म में दिखावा नहीं, बल्कि भावनाओं की पवित्रता का महत्व होता है।

यह बातें मालवा के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित कमलकिशोर नागर महाराज श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर भोपाल–इंदौर बायपास स्थित नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में कही। कथा के पहले दिन ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़

पड़ी और पूरा परिसर भक्तिरस में डूब गया। सुबह से कृष्णा आश्रम से निकली कलश यात्रा में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। बैंड पुरुष वर्ग ढोल–बैंड, भजन–कीर्तन एवं जयघोषों के साथ उत्साहपूर्ण यात्रा में शामिल हुआ। रास्ते–रास्ते और गुरुदेव की जय के जयघोषों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा। पीपल गली, बेमाबाजार श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दी।

नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई कलश यात्रा कथा स्थल पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा–अर्चना के साथ श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ किया गया। कथा स्थल को आकर्षक धार्मिक सजावटों से सुसज्जित किया गया है। कथा के दौरान पंडित पंडित कमल किशोर नागर की कथा के पूर्व निकाली कलश यात्रा।कमलकिशोर नागर महाराज भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, भक्ति व जीवन के आध्यात्मिक संदेशों को सरल व प्रभावशाली शैली में वर्णन कर रहे हैं।

स्वागत–सत्कार और बाहरी प्रदर्शन की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए महाराज श्री ने कहा कि धर्म में भव्यता और प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। प्रवचन के दौरान उन्होंने भगवान वराहजी की महिमा पर भी विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान त्याग, तपस्या और पवित्रता का प्रतीक हैं तथा इनी धारण करने वाले व्यक्ति का आचरण भी निर्मल होना चाहिए। महाराज श्री ने कहा कि सच्ची ही कल्याण में मनुष्य को परमात्मा से जोड़ने का सबसे सरल एवं श्रेष्ठ माध्यम है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने जीवन में सात्विकी अपनाने, माता–पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने तथा जरूरतमंदों की सेवा को सबसे बड़ा धर्म मानने का आह्वान किया। महाराज श्री ने कहा कि भगवान केवल निर्मल मन, सच्ची श्रद्धा और निष्कपट प्रेम से ही प्रसन्न होते हैं। कथा आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

कुबेरेश्वरधाम में गंगा दशहरा पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

डीआर संवाददाता» सीहोर

सिहोर विश्व प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजारों श्रद्धालु धाम पहुंचे और भगवान शिव का सामूहिक जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालु अपने साथ मटकी और कलश में जल लेकर पहुंचे तथा पैदल–पिकान से भगवान शिव की पूजा–अर्चना की। धाम परिसर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने लगी थी और पूरे वातावरण में भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए जलाभिषेक किया।

धाम में श्रद्धालुओं की

सुविधा के लिए निशुल्क भंडारे का आयोजन भी किया गया। मेडिकल सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने वहां आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की। शाम के समय अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी आरती में भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इसकी कलाश सुबह गुरुजी मनोहर मंदिर में भगवान शंकर–माता पार्वती, राम–सीता और राधा–कृष्ण का विशेष श्रृंगार किया गया। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव को निरंतर जलधारा अर्पित करने से मनों के जीवन में सुख–शांति और धन–धान्य की वृद्धि होती है। गंगा दशहरा का पर्व धार्मिक आस्था और शिव भक्ति का प्रतीक माना जाता है।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष – 10,2083 | विदिशा, दिन मंगलवार, दिनांक 26 मई, 2026

न्यूज गैलरी

समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट घेराव आज

विदिशा किसानों की समस्याओं और व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेसी आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित चतुर्वेदी के नेतृत्व में सुबह 11 बजे कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। कांग्रेस ने नगरपालिका में अयोग्य लोगों को ठेकाएं बनाए जाने पर भी सवाल उठाए हैं। साथ ही वीरा में जैन साधिकाओं की मौत की घटना के विरोध में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी। कांग्रेस समर्थित लनकाजिनिक और मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

अग्निवीर भर्ती में मिलेगा बोनस अंक

विदिशा। शासकीय आईटीआई ने सत्र 2026–27 में प्रवेश लेने वाले युवाओं और अभिभावकों से तकनीकी शिक्षा अपनाने की अपील की है। संस्थान की प्राचार्य ने बताया कि दो वर्षीय आईटीआई ट्रेड पूर्ण करने पर प्रशिक्षणार्थियों को 12वीं समकक्षता प्रमाण पत्र प्राप्त होता है, जिससे उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में अवसर मिलते हैं। वहीं अग्निवीर भर्ती में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अतिरिक्त बोनस अंक दिए जाते हैं। भर्ती नियमों के अनुसार 10वीं 2 वर्षीय आईटीआई पर 20, 12वीं 1 वर्षीय आईटीआई पर 30 तथा 12वीं 2 वर्षीय आईटीआई पर 40 बोनस अंक मिलेंगे।

किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी दी

विदिशा। नटेरन में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत कृषि एवं अभियान के संचालन और नीति में वृहद कृषक संगोष्ठियां आयोजित हुई। कलेक्टर अबुल बुशा के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में कृषि उद्यानिकी और वृक्ष अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक खेती, उन्नत बीज, फसल प्रबंधन, मृदा परीक्षण, सिंचाई, कस्टम बीमा तथा जैविक खेती की जानकारी दी। अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनकर समाधान भी बताए।

जून में आरसेटी का प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा

विदिशा। ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से एसबीआई आरसेटी विदिशा ने जून माह के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शेड्यूल जारी किया है। 1 से 12 जून तक मत्स्य पालन प्रशिक्षण आरसेटी परिसर में होगा। 4 से 15 जून तक सिलेंडर में वेजिटेबल कल्टिवेशन एवं नर्सरी मैनेजमेंट प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। 8 से 16 जून तक आलपुरा लेटरी में डेयरी एवं मशरूमलन तथा 18 से 28 जून तक विदिशा में ब्यूटीपार्लर एवं सुगंधित पौधों की खेती का प्रशिक्षण होगा। प्रत्येक 12 दिवसीय बैच में 30 प्रशिक्षणार्थी को व्यावहारिक एवं तकनीकी आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जनगणना–2027 प्रथम चरण का निरीक्षण किया

विदिशा। जनगणना–2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के निरीक्षण के लिए बसंत सरकार के महाजिस्ट्रार बाबूल रॉय एवं टीम सोमवार को लक्ष्यकाबाद पहुंची। निरीक्षण दल में उप महाजिस्ट्रार बाबूल रॉय एवं विनिल शर्मा शामिल रहे। टीम ने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में चल रहे कार्यों, तैयारियों और प्रगति कार्य जायजा लिया। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर अनिल कुमार ठाकरे ने प्रशिक्षण, कार्य तैयारियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

क्रांतिचौक पर एक घर में मिला 5 दिन पुराना शव, जांच में जुटी पुलिस

मृत बेटे को जिंदा करने 5 दिन घर में शव रखकर मां ने की प्रार्थना, शव में पड़े कीड़े

क्रांति चौक क्षेत्र में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बंद मकान में 45 वर्षीय व्यक्ति का शव कई दिनों तक पड़ा रहा, उसकी बुजुर्ग मां उसी घर में मौजूद थीं। दुर्गंध फैलने के बाद मामले उजागर हुआ। पुलिस जांच में जुटी।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

क्रांतिचौक की संकरी गली में पिछले कुछ दिनों से तेज बदबू फैल रही थी। आसपास के लोगों को लगा कि संभवतः कोई जानवर मर गया होगा, लेकिन किसी ने यह नहीं सोचा था कि एक घर के भीतर कई दिनों से इंसानी शव पड़ा हो सकता है। मकान में रहने वाली महिला मरियम वर्गिस एक रिटायर्ड शिक्षिका हैं, जो लंबे समय से मानसिक तनाव से गुजर रही हैं। परिवार के करीबी लोगों ने बताया कि उनका एक अन्य बेटा विदेश में नौकरी करता है। मां की देखभाल के लिए एक बेटा शीनू वर्गिस अक्सर विदिशा आकर उनके साथ रहने लगा था।

घटना का खुलासा उस समय हुआ जब रोजाना इस देने पहुंचने वाले युवक ने घर के बाहर संदेहास्पद स्थिति देखी। मुख्य दरवाजे के नीचे से खून जैसा द्रव बह रहा था और घर के भीतर से तेज दुर्गंध आ रही थी। युवक ने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी और बाद में पुलिस को बुलाया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो अंदर एक कमरे में 42 वर्षीय शीनू वर्गिस का शव पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार शव कई दिन पहले ही सूखी थी। शव की छाती पर वाहनिका रखी थी। जिससे मामला और रहस्यमय बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला गरिमम वर्गिस मानसिक रोगी हैं और मोहल्ले में ज्यादा मेलजोल नहीं रखती। पड़ोसियों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से घर पूरी तरह बंद था। लेकिन किसी ने अंदर की स्थिति का अंदाजा नहीं था। प्राथमिक जांच में कयास लगाया जा रहा है कि व्यक्ति की दो–तीन दिनों से हलचल न होने से दुर्गंध फैल रही थी। लोगों को शक था कि किसी जानवर की मौत हुई होगी। मां बेटा दोनों के साथ मानसिक दिक्कत चल रही थी, इसलिए किसी को संदेह नहीं हुआ। सिविल लाइन थाना प्रभारी ललनसिंह सिंह जादौन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत की असली वजह रिपोर्ट आने के बाद साफ होगी। मां मरियम वर्गिस को निगरानी में रखा गया है।

मौत घर के भीतर होने से हुई हो सकती है। हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। वहीं स्थानीय स्तर पर घटना को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग इसे गहरे मानसिक सदमे से जोड़ रहे हैं, जबकि कुछ का मानना है कि मां अपने बेटे की मौत को स्वीकार नहीं कर पा रही थीं। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शीनू वर्गिस मुंबई में सैलून डिजाइनर था। पिता की मौत के बाद पिछले एक साल से विदिशा में मां मरियम के साथ रह रहा था।

कुछ समय से बीमार था मृत शीनू वर्गिस

पड़ोसियों के मुताबिक मरियम ज्यादा किसी से मतलब नहीं रखती थीं। घर पर किसी का आना–जाना भी नहीं था। शीनू के दो भाई विदेश में रहते हैं। वह कुछ समय से मां की देखभाल के लिए उनके साथ रह रहा था और दोनों भी घर पर ही थे। पुलिस जांच में दावे किया कि बेटे की मौत के बाद मरियम ने किसी को सूचना नहीं दी। उन्हें विश्वास था कि बाहरवाले मकान खाली करने के बाद फिर जिंदा हो जाएगा। इसी वजह से शव को घर में ही रखा गया। औपचारिक सूचना नहीं दिया गया।

पुलिस को घर में आने से रोकती रही मां

पुलिस जब घर के अंदर पहुंचने लगी तो मरियम ने उन्हें रोकने की कोशिश की। उन्होंने दो बार दरवाजा बंद करने का प्रयास भी किया।

बस्ती में पहुंचा तेंदुआ, मोहम्मदगढ़ में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

डीआर संवाददाता ✍ ग्यारसपुर।

ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहम्मदगढ़ में रविवार देर रात एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिला। गांव के प्राकृतिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने बनी पानी की टंकी के पास एक वर्षीय तेंदुए का शव पड़े होने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर डीएफओ हेमंत खंडाल भी पहुंचे। रेंजर गुलफाम शिवहरे एवं वन अमले ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच–पड़ताल शुरू की। बताया जा रहा है कि मृत तेंदुआ उस में काफी छोटा था और सम्भवतः जंगल से भटककर पानी की तलाश में गांव तक पहुंच गया था। वन विभाग द्वारा तेंदुए के शव का परीक्षण कराने की तैयारी की जा रही है, मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची जांच के लिए ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। वन विभाग के एसडीओ हिमांशु

जंगल में पर्याप्त नहीं पानी की व्यवस्था

जंगलों में इन दिनों भीषण गर्मी और जलस्रोतों के सूखने के कारण वन्य प्राणियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जंगलों में पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं होने से जंगली जानवर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि पानी की तलाश में भटकते हुए तेंदुआ गांव तक पहुंचा होगा और अत्यधिक प्यास व कमजोरी के चलते उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि पीएम जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति से हो सकेगी। घटना ने एक बार फिर जंगलों में वन्य प्राणियों के लिए जलस्रोतों की कमी और वन्यजीव संरक्षण की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तेंदुए के शव को हैदरगढ़ के वन विभाग के कार्यालय में लाकर पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं पर दाह संस्कार किया गया।

गोवंश तस्करी के विरोध में विहिप का प्रदर्शन,

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

सोमवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने गोवंश तस्करी और तस्करी के विरोध में प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। परिषद कार्यकर्ता विश्वामित्र से रैली के रूप में तहसील पहुंचे और गोवंश संरक्षण को लेकर अपनी मांगें रखीं।

विहिप के गोरक्षा विभाग ने देश में बढ़ती गोवंश तस्करी और हत्या की घटनाओं पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि बकरीद से पहले गोवंश तस्करी और हत्या रोकने के लिए स्थायी कदम उठाए जाएं और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाए।

परिषद ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर कानून होने के बावजूद प्रशासनिक लापरवाही और कमजोर कार्रवाई के कारण तस्कर बेखौफ हैं। विहिप ने मांग की कि पुलिस और प्रशासन सख्त कार्रवाई कर अवैध गौ तस्करी पर तत्काल प्रभावी रोक लगाए।

रीवा हादसे के विरोध में सिरोंज में जैन समाज की मौन रैली

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

रीवा में सड़क हादसे में दो जैन साधिकाओं के निधन के विरोध में सोमवार को सिरोंज में सकल जैन समाज ने मौन रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। समाज ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और फांसी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने संतों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और राष्ट्रीय स्तर पर संत सुरक्षा नीति बनाने की मांग उठाई।

विरोध प्रदर्शन में मौजूद जैन साध्वी सुप्रभमति माताजी ने दावा किया कि बेखौफ कुटेरा के अनुसार साध्वियां सड़क किनारे चल रही थीं, तभी एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। समाज ने घटना को संदिग्ध बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की और कहा कि मामले से सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

ज्ञापन में संतों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहायता, विहार मार्गों पर ट्रैफिक नियंत्रण और प्रशासनिक समन्वय की मांग शामिल की गई। साथ ही संतों के खिलाफ अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखने और अपराधशास्त्रीय संपर्क व्यवस्था विकसित करने की मांग भी रखी गई।

प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब समाजजन एसडीएम को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। नाराज लोगों ने थाने के सामने बैठकर नारेबाजी और नारेबाजी की। बाद में एसडीएम और एसडीओपी के पहुंचने के बाद ज्ञापन सौंपा गया और प्रदर्शन समाप्त हुआ।

बेतवा घाट पर मंत्री विश्वास सारंग ने किया श्रमदान, जल संरक्षण का दिया संदेश

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।

विदिशा में सोमवार से शुरू हुए हजार गंगा संकल्प अभियान के तहत बेतवा नदी के बड़ा वाले घाट पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाकालेश्वर इन्द्र खेल–युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने घाट पर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया तथा बेतवा नदी की सांस्कृतिक पूजा–अर्चना की।

मंत्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चलाया जा रहा यह अभियान जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें जनभागीदारी बढ़ रही है। उन्होंने लोगों से जल स्रोतों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया।

पिछले साल 6.19 लाख यूनिट और इस साल 7.56 करोड़ यूनिट की खपत

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जिले भर में भीषण गर्मी का सिलसिला चल रहा है। तेज गर्मी के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दिन के साथ ही रातें भी गर्म बनी हुई हैं। रात का तापमान 30 डिग्री तक पहुंच चुका है। मई की गर्मी ने बीते वर्ष पहले सब रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इतना ही नहीं, गर्मी का जितना बिजली पर भी पड़ रहा है। बिजली वितरण कंपनी के मुताबिक, बीते साल 1 से 19 मई तक बीस 6 करोड़ 79 लाख यूनिट बिजली की खपत हुई थी। जो इस साल इसी अवधि में 77 लाख यूनिट बढ़कर 7 करोड़ 56 लाख पर पहुंच गई है। यानी खपत में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

अधिक बिजली की खपत की वजह भीषण गर्मी बताई जा रही है। बिजली की खपत बढ़ने का असर बिजली की आपूर्ति पर पड़ता दिखाई दे रहा है। अधिकतर ट्रांसफार्मर और अंडर–फीडर बिजली के कारण आम लोगों को तेज गर्मी के बीच घंटों अघोषित परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, बिजली गुल होने से कहीं–कहीं जल सप्लाई भी प्रभावित हो रही है।

बिजली कंपनी द्वारा बदले जा रहे ही जले हुए ट्रांसफार्मर। शहर में जोन 2 के एई चरण महोलिया के मुताबिक, लोग बिजली कनेक्शन लेते समय कम लोड दर्ज कराते हैं। उनके यहां बिजली की खपत कहीं अधिक होती है। बिजली कंपनी द्वारा लोड के हिसाब से इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराती है। उच्च लोड से अधिक बिजली की खपत होने पर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाते हैं। केबल भी जल जाती हैं। इसके चलते कई बार सुबह बिजली सप्लाई देने में बाधाएं आ जाती हैं। इन स्थितियों में अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर रखे जाते हैं।

महंगाई के खिलाफ विदिशा में कम्युनिस्ट पार्टी का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में सोमवार को कम्युनिस्ट पार्टी ने बढ़ती महंगाई के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पेट्रोल–डीजल, खाद्य एवं सभी जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

पार्टी नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों का बजट बिगड़ रहा है। पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ रही है, जिसका असर सब्जियों की परतुओं की कीमतों पर भी पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से आम आदमी पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। पार्टी ने बढ़ी हुई कीमतें तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि वह प्रदेशव्यापी आंदोलन का हिस्सा है।

सम्मान किया

आल्हा जयंती पर यादव समाज द्वारा आयोजित किया कार्यक्रम

छात्रों, खिलाड़ियों और समाजसेवियों का सम्मान

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

यादव समाज के तत्वावधान में टैगोर ऑडिटोरियम में वीर शिरोमणि आल्हा जयंती एवं मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाज के पदाधिकारियों, प्रतिभावान खिलाड़ियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि अयोध्या प्रसाद सिंह यादव रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती चित्र प्रस्तुतियों से हुआ, जिसमें बच्चों ने समसामयिक नृत्य एवं प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। वहीं युवाओं द्वारा किए गए सांस्कृतिक जीवंत प्रदर्शन ने समारोह को यादगार बना दिया।

कार्यों के लिए सम्मान समारोह में पत्रकारिता एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए आशीष यादव को सम्मानित किया गया। समाज में साहसी और फिलहाल वीरों जैसे दो युवा का एक साथ विवाह कराने वाले विवेकानंद सिंह यादव को सराहा गया। बाढ़ आपदा के दौरान 60 लोगों की जान बचाने वाले देवानन्द सिंह यादव का नागरिक अभिनंदन किया गया। प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। अंत में समिति अध्यक्ष रामकरण सिंह यादव ने सभी अतिथियों एवं समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

शादी के नाम पर 40 युवकों से लाखों की ठगी, न दुल्हन आई न आयोजक

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शादी के नाम पर 40 युवकों से लाखों की ठगी, न दुल्हन आई न आयोजक

सामूहिक विवाह के नाम पर अविवाहित युवकों और उनके परिवारों से ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शनिवार के महाकौशल मोहल्ला निवासी विनोद दास बैरागी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर 40 से अधिक परिवारों के युवकों की शादी कराने का झांसा देकर 25–25 हजार रुपए जमा कराए। फिर रुपी को बेचकर बुलंदकर नायब हो गए।

जानकारी के अनुसार आरोपियों ने अपने एक परिचित के माध्यम से युवकों के परिवारों से संपर्क किया था। परिवारों को भरोसा दिलाया कि 25 मई को सामूहिक विवाह समारोह होगा। सभी युवकों की शादी करवाई जाएगी। इसके लिए पहले 24 मई को बेगास माता टेकरी के दर्शन कराने की बात कही गई थी। फिर रायगांव स्थित कलब मैदान में ठहराने की व्यवस्था का दावा किया गया था।

युवक पहुंचे तो मैदान खाली रहा

रविवार दोपहर विभिन्न जिलों से युवक और उनके परिजन रायगांव कलब मैदान पहुंचे। वहां न कोई विवाह आयोजन मिला, न ही आयोजक पहुंचे। घंटों इंतजार के बाद परिवारों को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद मौके पर मौजूद दिनेश दास बैरागी के भाई से लोगों ने नाराजगी जताई। मामला पुलिस मौके पर पहुंचा।

पुलिस पीड़ितों सहित उस व्यक्ति को थाने लेकर गई, जिसके माध्यम से रुपए जमा कराए गए थे। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने अभिषेक वर्मा की रिपोर्ट पर सुमेर सिंह और उसकी पत्नी और विनोद सिंह बैरागी के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष – 10, 2083 | राजगढ़, दिन मंगलवार, दिनांक 26 मई 2026

न्यूज गैलरी

गंगादशमी आज, मां नवज को अर्पित होगी चुनरी

राजगढ़। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गंगा दशमी महोत्सव का आयोजन आज मंगलवार 26 मई को छोटा पुल राजगढ़ पर किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत रात्रि 8 बजे कथा एवं रात्रि 9 बजे गंगा मां की महाआरती तथा चुनरी भेंट समारोह आयोजित होगा। आयोजक प्रहलाद सिंह पंवार एडवोकेट ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

बेहतर काम पर सम्मान होगा लापरवाही होने पर कार्रवाई

राजगढ़। सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिला पंचायत सीईओ डॉ. इमिता गढ़वाले की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गई। बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, सार्थक उपस्थिति तथा विभागों से जुड़े महत्वाकांक्षी समाचारों की भी समीक्षा की गई। एसडीएम निधि भारद्वाज को जेल विभाग की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। वहीं पेयजल शिकायतों पर सख्त निगरानी रखने और लापरवाही करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई करने को कहा गया।

ओबीसी महासभा ने एसपी से भेंट कर की वार्तालाप

राजगढ़। सोमवार को अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष कमल सिंह डांगी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक अमित तोतानी से मुलाकात कर सोमवार को संकेती विषयों पर चर्चा की व इस मौके पर ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हीरा सिंह पटेल, राष्ट्रीय कार्यकारी महामंत्री नारायण सिंह सोलिया, खिलचीपुर सर्किल अध्यक्ष रामबाबू गोंड़ मधु सिंह तंवर, मोहन यादव,मोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।

महायज्ञ और कथा का हुआ समापन

लखनवास। सेक-पुर बड़ली माता मंदिर में आयोजित श्री नवकुंडात्मक वैदिक महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का सोमवार को भव्य समापन हुआ। 19 से 25 मई तक चले इस धार्मिक आयोजन में महामंडलेश्वर कल्याण दास ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया। सात दिनों तक मंदिर परिसर यज्ञ, कथा, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों से गुंजायमान रहा। समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूर्णाहुति दी गई। इसके बाद महाआरती कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई।

गंगादशमी आज, मां नवज को अर्पित होगी चुनरी

राजगढ़। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गंगा दशमी महोत्सव का आयोजन आज मंगलवार 26 मई को छोटा पुल राजगढ़ पर किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत रात्रि 8 बजे कथा एवं रात्रि 9 बजे गंगा मां की महाआरती तथा चुनरी भेंट समारोह आयोजित होगा। आयोजक प्रहलाद सिंह पंवार एडवोकेट ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

श्रमदान | जिला प्रशासन और प्रबुद्धजनों के सहयोग से श्रमदान, रैली निकाली

नेवज को सहजने के लिए सैकड़ों हाथ, तगारी उठाई श्रमदानकर सफाई की

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा जिले के नदियों, कुआं, बावड़ियों को संवरने का कार्य लगातार रूप से जारी है। इसी कड़ी में गंगा दशमी के पावन पर्व सोमवार तड़के नगर प्रशासनिक अमले, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से राजगढ़ की जीवनदायिनी नेवज नदी पर वृहद स्तर पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रमदान के पूर्व करीब 3 अधिक कर्मचारियों ने स्थानीय घाट यात्रा में से एकत्रित हुए और नेवज नदी तक एक रैली निकालते हुए पहुंचे। रैली से भी पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया और कोई भी व्यक्ति बाईक, कार से शामिल नहीं हुआ बल्कि सायकल और ई-स्कूटी एवं पैदल चलते हुए रैली में शामिल हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वह

रैली नेवज नदी के तट पर पहुंची। रैली से जिला पंचायत सीईओ डॉ. इमिता गढ़वाले, एसडीएम निधि भारद्वाज, एडिशनल एसपी केवल कंवर, एसडीओपी अरविंद दिवाकर, डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजौर, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य, नगर पालिका सीएमओ प्रवीण कायरी, लाल चुनर गैंग प्रमुख मोना सुल्ताने सहित विभिन्न विभाग प्रमुख अमले के साथ सम्मिलित हुए।

विसर्जन कुंड पर की गई सफाई

नदी पर पहुंचे नागरिकों ने नेवज के वेस्टवेयर खजिली विसर्जन कुंड पर हजारों से पूजा सामग्री मांगर निकाली और पौधों को देखते हुए पूरा कुंड साफ कर दिया। इसी उपरान्त सभी ने नेवज के पूरातो तरफ सफाई की बनावेर सलाखी और झाड़ी में कुपाली, तगारी, सावड़े उठाकर वहां की सफाई साथ ही सहज आदि निकाला। नगर पालिका के स्वच्छता अमले ने इस कार्य में पूरा सहयोग प्रदान किया।

नेवज बचाने की शपथ दिलवाई गई

श्रमदान उपरान्त सभी को सामुहिक रूप से जल बचाने और स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। इसके उपरान्त कुछ प्रबुद्धजनों द्वारा नौका विहार करते हुए नदी के किनारे की पुरातात्विक धरोहरों जैसे के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

इन विभागों का रहा सहयोग

आयोजन में जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय, डीपीसी सर्वाधिक, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, नगर पालिका सहित अन्य विभागों का सहयोग मिला।

गंगा दशमी पर गाढ़ गंगा नदी की साफ सफाई कर की पूजा अर्चना

खिलचीपुर। प्रदेश में चल रहे जल संरक्षण आयोजन के तहत जल अभियान परिषद जिला राजगढ़ विकास खंड खिलचीपुर की नगर विकास प्रस्तुतीकरण समिति ने गढ़ा दरवाजा से पावन जलकर पर जीवन दायिनी मां गाढ़ गंगा नदी में घाटों की साफ सफाई कर पूजन अर्चना की। इस मौके पर समिति अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा आचार्य और सचिव सुधीर आचार्य ने अपनी टीम के साथ सोमवार को जल संवर्धन कार्यक्रम के तहत नदी की साफ–सफाई कराई। खिलचीपुर नगर के समाजसेवियों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया।

तालाबों और जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लें: टेटवाल

सारंगपुर। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर सोमवार को सारंगपुर के प्रसिद्ध सैनी कॉलोनी बड़ोदिया के पास बने में राजा भोजी पौराणिक टेटवाल के द्वारा भी क्षतिग्रस्त नदी का विधिवत वैदिक सनातन पद्धति से पूजन–अर्चन किया एवं चुनरी अर्पित कर प्रदेश की खुशहाली एवं समग्र विकास के साथ आम जन को शुद्ध जलवायु दी ऐसा नहीं क्षतिग्रस्त से आशीर्वाद प्राप्त किया।

पूजन अर्चन के बाद जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं स्वच्छता के संकल्प को साकार करने हेतु भी कालीसिंध के घाट की सफाई अभियान में सहभागिता कर कलमल किया। इस अवसर पर भोजी टेटवाल ने कहा–जल स्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन को सामूहिक जिम्मेदारी बनाना– आज हो आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है।

नगद खत्म होने से मंडी में हंगामा, किसानों ने किया हाईवे जाम, नीलामी भी बंद की

डीआर संवाददाता ✉ नरसिंहगढ़

कृषि उपज मंडी में सोमवार को बैंकों में कैश खत्म होने से व्यापारियों द्वारा किसानों को भुगतान नहीं किया जा सका। इससे नाराज किसानों ने मंडी परिसर में हंगामा करते हुए हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश के बाद मामला शांत कराया गया। एसडीएम सुशील कुमार, तहसीलदार विरेन्द्र अवस्थी और थाना प्रभारी मुन्ना सोलंकी पुलिस बल के साथ मंडी पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों और व्यापारियों से चर्चा कर स्थिति को सामान्य, जिसके बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया।

उपज बेचकर भी खाली हाथ लौटे किसान

किसान सुरेश सिंह, प्रधान और राजकुमार ने बताया कि मंडी में सोयाबीन और गेहूं बेचने के बावजूद भुगतान नहीं मिला। कई किसान 50 किलोमीटर दूर से उपज लेकर आए थे। व्यापार समिति नहीं मिलने से बीजल और भाड़े का खर्च भी लेकर वापस लौटना पड़ा। व्यापारी संघ का कहना है कि बैंकों से पेमेंट जारी होने के बावजूद भुगतान नहीं मिल पा रहा है। किसानों को आरटीजीएस से भुगतान करने में भी दो से तीन दिन लग जाते हैं।

10 हजार नकद और बाकी आरटीजीएस से भुगतान पर बनी सहमति

मौके पर व्यापारियों ने किसानों को 10 हजार तक नकद भुगतान करने और शेष राशि आरटीजीएस से देने पर सहमति जताई। हालांकि बाद में व्यापारियों ने बैंकों में पर्याप्त कैश उपलब्ध नहीं होने तक मंडी में नीलामी अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का निर्णय ले लिया। इसकी सूचना सोशल मीडिया पर भी सामान्य कर दी गई ताकि किसान मंगलवार से अपनी उपज लेकर मंडी न पहुंचे। मंडी सचिव केदार सिंहराज ने बताया कि बैंक अधिकारियों से चर्चा की गई, लेकिन अभी तक पर्याप्त कैश उपलब्ध कराने को लेकर कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। कैश संकट के कारण मंडी में सोयाबीन–विक्री प्रभावित हो गई है।

रोड हादसे में गल्ला व्यापारी की मौत, साथी गंभीर घायल

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

ब्यावरा के गुना रोड स्थित द्वारका होटल के पास सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में खुजनेर के गल्ला व्यापारी गोपाल राठौर (52) की मौत हो गई, जबकि उनके साथी कारवान सेन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बाइक से गुना की ओर से ब्यावरा लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही कपास ढोने वाली ट्रैक्टर–ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर

गोपाल राठौर, मृतक

मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से गुजर रही 108 एंबुलेंस–112 टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने गोपाल राठौर को मृत घोषित कर दिया। घायल कारवान सेन का उपचार जारी है।

पुलिस ने ट्रैक्टर–ट्रॉली जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

ब्यावरा और चाचौड़ा मंडी व बाजारों में महंगे दामों में खपाते थे मिलावटी मसाला

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

त्योहारों के त्यौहार बढ़ाने वाला धनिया अब मिलावटखोरों के निशाने पर पहुंच गया है। शहर में किराए की दुकान में धनिया के अंदर मैलाकर उसमें कॉमिकल कलर मिलाकर नकली धनिया तैयार किया जा रहा था, जिसे राजगढ़ और गुना जिले के बाजार और मंडी में असली बताकर ऊंचे दामों में बेचा जाता था। मामले का खुलासा खाद्य विभाग को सिटी

पुलिस और खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में हुआ। पुलिस को गुरुवार से सूचना मिली थी कि कस्बा क्षेत्र के पीछे स्थित एक दुकान में बड़े स्तर पर मिलावटी धनिया तैयार किया जा रहा है। सूचना पर सिटी पुलिस और खाद्य अधिकारी आधुनिक है। अधिकारी नियंत्रण पामक की टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके पर आरोपी नागकरण वर्मा और गोपाल शर्मा मिले। पूछताछ में दोनों ने धनिया के बोरों को पैलकर उसमें रंग (केमिकल) मिलाकर नकली धनिया तैयार करना स्वीकार किया। मुकदमे की तलाशी लेने पर टीम को 52 बोरी धनिया बोरा, 93 बोरी पिसा हुआ चूरा, 6 पैकेट तैयार मिलावटी धनिया, 8 पैकेट रंग (केमिकल), एक बाइंडर मशीन और तीन कांटा मिला। जब्त सामग्री की कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई गई है। खाद्य विभाग ने मौके से सैंपल लेकर पंजीयन कार्रवाई की और दुकान को सील कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 369/2026 के तहत धारा 274, 275 बीएनएस एवं खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की धारा 56 और 59 में मामला दर्ज कर लिया है। सिटी थाना प्रभारी किशनराज सिंह भौहान ने बताया कि खाद्य विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई की है।

भैंसवा माता बिजासन धाम में सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण महाअनुष्ठान शुरू, निकली भव्य कलश यात्रा

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर

सारंगपुर के पैराया गाव बिजासन धाम में सोमवार से सवा करोड़ निधी के सवा शिवलिंग निर्माण महाअनुष्ठान की शुरुआत हुई। अधिक मास के अवसर पर आयोजित यह धार्मिक आयोजन गोविंद सोनेश परमार्थ के निर्देशन में किया जा रहा है। पहले दिन गांव के प्राचीन शिव मंदिर से भैंसवा पहाड़ी स्थित आयोजन स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला–पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

कलश यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर कलश लेकर भक्ति गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़ीं।

'हर–हर महादेव' के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। आयोजक ज्ञान मंडल के अनुसार यह महाअनुष्ठान 25 मई से 31 मई तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से पांचवा ढाई बजे तक श्रद्धालु शिवलिंग निर्माण करेंगे, जबकि दोपहर बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शाम को महाआरती आयोजित होगी।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष परिवहन व्यवस्था भी की गई है। गांधीर से भैंसवा तक तीन विशेष बसें चलाई जा रही हैं। आयोजकों ने बताया कि दिनों में एक करोड़ निधी के शिवलिंग निर्माण का लक्ष्य रखा है, जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

स्कूल परिसर में युवक का शव मिलने से सनसनी, चार बेटियां हुईं बेसहारा

डीआर संवाददाता ✉ अशोकनगर

अशोकनगर जिले के रिजोदा गांव में सोमवार सुबह एक सरकारी स्कूल परिसर में 34 वर्षीय युवक का शव पेड़ पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव निवासी भगत यादव, पिता वीर सिंह यादव के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 7 बजे स्कूल के पास रहने वाली एक बच्ची की नजर स्कूल भवन की ओर गई। उसने रोशनदान में रस्सी के सहारे गला बंधे लटका देखा। घबराई बच्ची ने तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी। इसके बाद गांव के लोग मौके पर पहुंचे और युवक को नीचे उतारकर तत्काल जिला अस्पताल ले गए।

परिजनों ने बताया कि भगत पंचायत सहायक परिवार से साथ सामान्य तरीके से खाना खाकर सोया था। सुबह करीब 5 बजे वह बिना किसी को बताए घर से निकल गया। परिवार के मुताबिक, उसने किसी तरह की परेशानी या तनाव के संकेत नहीं दिए थे।

अस्पताल में पुलिस की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया। भगत अपने पीछे चार बेटियां छोड़ गया है। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

धार्मिक | सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन

भौतिक दौड़ में मानसिक शांति खो रहा इंसान, भागवत कथा देती है सकारात्मक दिशा, पंडित दीपक

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर

सरना में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। बस स्टैंड पर संचालन धार्मिक उत्सव समिति द्वारा आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान की भक्ति में लीन दिखाई दिए। कथा का आयोजन प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा है, जिसमें आसपास के गांवों से भी लोग पहुंच रहे हैं।

व्यास पीठ से कथा वाचन करते हुए पंडित दीपक उपाध्याय ने आधुनिक जीवनशैली और उसके प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आज का मनुष्य भौतिक सुख–सुविधाओं की अंधी दौड़ में उलझकर मानसिक शांति खोता जा रहा है। जीवन में संतुलन की बहुत जरूरत है बीच व्यक्ति तनाव, चिंता और असंतोष का शिकार हो रहा है। ऐसे समय में श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम बनती है।

उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से व्यक्ति के भीतर सकारात्मक विचारों का संचार होता है और धर्म, संस्कार व सदाचार की भावना मजबूत होती है। भगवान की भक्ति ही सच्चा सुख और आत्मिक शांति प्रदान कर सकती है। कथा सत्य, सेवा, करुणा और मानवता का संदेश देती है, जिसे जीवन में अपनाना आवश्यक है।

कथाव्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं से माता–पिता और गुरुजनों का सम्मान करने तथा अच्छे संस्कार अपनाने का आह्वान किया। कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों और संगीतमय प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। आयोजन पर महाप्रसादी और प्रसादी वितरण किया गया।

रॉन्ग साइड में आ रहे ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत, एक घायल गंभीर

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

शहर में रॉन्ग साइड से दौड़ रहे वाहनों का खतरा एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। सोमवार दोपहर गुना नाके के पास द्वारिका होटल के सामने रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक 52 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा दूसरा साथी घायल हो गया।

सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह भौहान ने बताया कि खुजनेर निवासी गोपाल पुत्र कन्हैयालाल राठौर (52) अपने साथी भगवत पुत्र मांगीलाल सेन (36) के साथ बाइक क्रमांक एमपी 39 एमजी 6864 से मंडी के काम से ब्यावरा आए थे। दोपहर करीब 12 बजे दोनों स्टाइ स्थान मंदिर सड़क से वापस ब्यावरा की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान गुना नाके पर द्वारिका होटल के पास ब्यावरा से गुना तरफ रॉन्ग साइड में जा रहे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चालक सोपाल सड़क पर दूर जा गिरा और उसके सिर में गंभीर चोट आई। घायल 112 की टीम ने तुरंत दोनों को सिविल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही गोपाल ने दम तोड़ दिया। वहीं भगवत का उपचार जारी है। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।